कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com   www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–11, नवंबर 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## टारगेट का बादशाह

सजावटी पेंट के क्षेत्र में अग्रणी भारतीय कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट्स आज देश भर में अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और विविधता के लिये जाना जाता है। विभिन्न बाज़ार जरूरतों को ध्यान में रखते हुये कंपनी हर प्रकार के उपभोक्ताओं की रूचि और आवश्यकता के लिये पेंट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराती है। जिसके फलस्वरूप लगातार अपने पैर जमाते हुये कंपनी कम समय में ही महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में कामयाब रही है।

कामधेनु पेंट्स अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है। उपभोक्ताओं तक पहुँच बनाने में अपने डीलरों के महत्व की सराहना करते हुये, कंपनी नियमित तौर पर डीलरों के लिये उत्साहवर्धक योजनायें निकालती रहती है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को प्रोत्साहित करने और सभी डीलरों को प्रेरित करने के मकसद से चलाये जाने वाले इन इंसेंटिव स्कीम्स में कामधेनु पेंट डीलर बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

इस वर्ष भी कामधेनु पेंट्स ने साल के सबसे बड़े डीलर इंसेटिव स्कीम **''बॉलीवुड स्टार नाइट स्कीम''** को अगस्त माह में लॉच कर लक्ष्य को पूरा करने वाले डीलरों को 2 रात व 3 दिनों के लिये मुंबई के निकट एम्बी वैली सिटी, लोनावला में आयोजित बॉलीवुड स्टार नाइट में शामिल का मौका दिया।

स्कीम के शर्तों के अनुसार सभी डीलर जिन्होंने लक्ष्य के बराबर या अधिक मात्रा में कामधेनु पेंट उत्पाद उठाया था और अपने बकायों का भुगतान कर दिया था उनको लोनावला के हसीन वादियों में 9 तथा

शेष पृष्ट 2 पर







10 नवंबर को आयोजित ''कामधेनु पेंट्स टारगेट का बादशाह'' नामक जबरदस्त रंगारंग कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

टारगेट के बादशाह बन कर चुने गये देश भर से 400 से अधिक आमंत्रित डीलर 9 नवंबर को मुंबई एयरपोर्ट पहुँचे, जहाँ से उन्हें एम्बी वैली सिटी तक ले जाने का अच्छा प्रबंध था। दिन के समय डीलरों ने रिसोर्ट और आस–पास के नज़ारे का आनंद उठाया। लोनावला की खूबसूरत वादियों के मज़ेदार अनुभव को और भी यादगार बनाते हुये शाम 6 बजे से रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में कामधेनु पेंट्स सुपर स्टार एवार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, देश की जानी–मानी व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री, रवीना टंडन ने अपने हाथों से कामधेनु पेंट्स सुपर स्टार एवार्डर्स विजेता डीलरों को दिया।



**देश भर से चुने गये पुरस्कृत डीलर बन्धु**

**टारगेट का बादशाह के प्रथम विजेता मेसर्स संतोष मशीनरी (हलद्वानी)**। इसके अतिरिक्त अन्य विजेताओं में शामिल रहे मेसर्स मुकेश कुमार लोकेश कुमार (ग़ाज़ियाबाद), मेसर्स जिंदल इंटरप्राइजेज़ (निहालसिंहवाला, लुधियाना डिपो), मेसर्स एस. के. ट्रेडिंग कंपनी (देहरादून), मेसर्स श्री वृंदावन मार्केटिंग (हिसार, फ़रीदाबाद डिपो), मेसर्स पंजाब हार्डवेयर पेंट स्टोर (लखनऊ), मेसर्स रोशन लाइम कंपनी (वाराणसी) एवं अन्य।

एवार्ड समारोह के दौरान रवीना टंडन ने अपने प्यारे अंदाज़ में डीलरों का उत्साह बढ़ाते हुये कई जुमले कहे। इसके बाद पार्टी और मनोरंजन का जबरदस्त दौर शुरू हुआ। कामधेनु पेंट्स टारगेट का बादशाह, बॉलीवुड स्टार नाइट में फिल्मी ज़गत और टीवी की दुनिया के कई जाने–माने सितारों ने हिस्सा लिया।



प्रसिद्ध टीवी एंकर हुसैन कुवाजरेवाला और मलिका–ए–हुस्न दीप्ति सधवानी ने बिंदास अंदाज़ में इस कार्यक्रम का संचालन किया। एक ओर जहाँ सभी उपस्थित डीलर हुमा कुरैशी और शेफाली जरीवाला जैसी मशहूर अदाकारों के लाइव परफार्मेंस को देख कर झूम रहे थे, वहीं सुमित विनोद डांस ट्रूप के डांसर्स ने भी इस कार्यक्रम के दौरान नाच–गाने के दिलचस्प नज़ारे पेश किये।

इंडियन आइडल टीवी प्रोग्राम से प्रसिद्धि प्राप्त खूबसूरत दृष्टि शरण ने भी इस कार्यक्रम में शामिल हो कर अपनी मखमली आवाज़ का जादू बिखेरा। प्रसिद्ध टैरो कार्ड कंसल्टेंट अनुभा गुप्ता द्वारा डीलरों के लक्ष्य की लाइव भविष्यवाणी कार्यक्रम का एक और बड़ा आकर्षण था, जिसमें कई डीलरों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

शेष पृष्ट 3 पर





























कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत एम्बी वैली के लैगून बीच पर नाश्ते के साथ हुई। उसके बाद लाइव डीजे की धुन पर कॉकटेल की मदहोशी में रेन डांस पार्टी हुई।



लंच के बाद आडिटोरियम में कामधेनु पेंट्स डिजायनर गैलरी की झलक पेश की गई। इस मौके पर कंपनी के सीएमडी, श्री सतीश अग्रवाल एवं निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल और श्री सौरभ अग्रवाल, ने कड़ी मेहनत के लिये उपस्थित सभी डीलरों की तारीफ की और इस स्कीम में भाग लेने के लिये उन्हें धन्यवाद दिया। तालियों के बीच उन्होने डीलरों को बताया की कंपनी जल्द ही उनके लिये एक और इन्सेंटिव स्कीम लॉच करेगी।

शाम साढ़े छह बजे से दूसरे दिन का रंगारंग कार्यक्रम आरंभ हुआ। विश्व सुदरी डायना हेडन के हाथों विजेता डीलरों को कामधेनु पेंट्स सुपर स्टार एवार्ड–2 तथा कामधेनु पेंट वैकी एवार्ड दिये गये। लकी ड्रॉ के द्वारा डीलरों को मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, एसी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन आदि ईनाम जीतने का मौका भी दिया गया। इसके बाद प्रसिद्ध एंकर दीप्ति सधवानी ने बिंदास अंदाज़ में रंगारंग महफिल का आग़ाज किया। अंतर्राष्ट्रीय डांसर्स के दिलकश लाइव परफार्मेंस ने सभी दर्शको को भी थिरकने पर मज़बूर कर दिया। स्टेज पर अपनी अदाओं के ज़लवे बिखेरती हुई बालीवुड के कई मशहूर डांसर्स ने भी माहौल को चार चॉद लगाया।



रंगारंग सितारों, बढ़िया इंतजाम और जबरदस्त मनोरंजन की अमिट यादों के साथ 11 नवंबर की सुबह सभी पेंट डीलर अपने शहर को जाने के लिये निकले। दिल में यह ज़ज़्बा था कि फिर से बेहतर करना है, दुबारा बनना है **टारगेट का बादशाह।**



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.11.2014





ROYALE AFFAIRE
Diamond Jewellery

# रोयाल अफेअर का शुभारंभ

मार्केटिंग के दिग्गजों के परिवार में, उनके साथ रहते हुये बड़े होना बिजनेस की बारीकियों को जानने–समझने का शायद सबसे कारगर रास्ता है। इसलिये कामधेनु परिवार की नई पीढ़ी के द्वारा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में सफल शुरूआत करना स्वाभाविक सा लगता है।

हाल में ही व्यावसाय जगत की इस सफल परंपरा में शामिल हुई हैं, कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल की बेटी ईशिता अग्रवाल। रोयाल अफेअर नाम से डायमंड ज्वेलरी की एक बेहतरीन ब्रैंड की शुरूआत करते हुये ईशिता अग्रवाल ने जबरदस्त व्यावसायिक समझ का परिचय दिया है। हीरे तथा ग्लोबल ज्वेलरी ट्रेण्ड्स की विशेषज्ञ, ईशिता अग्रवाल ने एक ऐसे व्यावसाय को चुना है जिसके लिये भारत में अपार संभावनायें हैं।

रोयाल अफेअर कंपनी ने 31 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच गुड़गॉव के सुशांत लोक में बेहतरीन हीरों के एक प्रीव्यू शोकेस का आयोजन किया जिसमें दिल्ली और एन सी आर के कई मशहूर लोगों की उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में लोगों में इस आयोजन में भाग लिया और प्रदर्शित हीरों की गुणवत्ता और विविधता देख कर प्रभावित हुये। इस उद्घाटन समारोह की सफलता पर कंपनी की प्रमोटर ईशिता अग्रवाल ने सम्मानित अतिथियों का शुक्रिया अदा किया।

कंपनी की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये ईशिता अग्रवाल ने कहा, ''बहुत जल्द बड़े पैमाने पर विस्तार करने जा रही रोयाल अफेअर भारतीय शहरों में ज्वेलरी खरीदने और पसंद करने के अंदाज़ को बदलने का जज़्बा रखती है। गुणवत्ता, विविधता और बेहतर डिज़ायन से जहॉ हम डायमंड ज्वेलरी के पारंपरिक खरीददारों के दिल में जगह बनाना चाहते हैं वहीं हम डायमंड ज्वेलरी में वैल्यू फॉर मनी ट्रैण्डी डिज़ायन के जरिये नये उपभोक्ताओं तक भी अपनी पैठ बनाना चाहते हैं।''

# लोकतन्त्र पर मुहर

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित 13 सीटों पर 62% से अधिक मतदान ने एक बार फिर साबित किया है कि भारतीय जनता की लोकतांत्रिक आस्था कितनी मज़बूत है। नक्सली गुटों द्वारा मतदान के बहिष्कार की अपीलों और हिंसा की धमकियों से बिना डरे झारखंड की जनता ने अपने वोट डालने के अधिकार का उपयोग किया। भारी सुरक्षा के इतजामों के बीच इस बार का मतदान पिछली विधानसभा चुनावों के मुक़ाबले 6% अधिक रहा।

वहीं जम्मू–कश्मीर में पहले चरण के चुनाव में रिकार्ड 71% मतदान ने राज्य में एक नई सुबह के संकेत दिये हैं। जिन 15 सीटों पर ये मतदान कराये गए हैं उनमें से कई सीट चुनाव पिछले चुनावों में चुनाव–बहिष्कार के लिये जाने जाते थे और इन ज़गहों पर अलगाववादियों की अपीलें खासा असर दिखाती थीं। पर इस बार चुनाव विरोधी तत्वों ने मुँह की खाई है और इसका पूरा श्रेय राज्य की जनता को है।

वोट डालने के उत्साह ने कश्मीर घाटी में पर रहे जबरदस्त ठंढ को भी हरा दिया। सभी 15 सीटों पर शत प्रतिशत शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदान के प्रति उत्साह ने जहॉ पाकिस्तान सहित समूचे विश्व को एक सार्थक संदेश दिया है वहीं इससे राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी बढ़ी है।

बार–बार के चुनावों में मतदाताओं की बढ़ रही संख्या लोकतंत्र के लिये एक शुभ संकेत है। राजनीतिक दलों को याद रखना चाहिये कि, मतदान केन्द्रों तक आकर वोट गिराने वाली जनता की अपेक्षा है कि सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को बिना बाधा दिये काम–काज करने दें।



**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री विनय कुमार
**मेसर्स जी. टी. पुरेवाल**
गॉव – शंकर, पिन – 144042
फगवाड़ा–नाकोदर रोड, ज़िला – जालंधर
मोबाइल – 98727 56542

श्री सतीश कुमार, श्री मिठन लाल
**मेसर्स कुमार ट्रेडिंग कंपनी**
ओल्ड ग्रेन मार्केट, ज़िला – मुक्तसर
मोबाइल – 98141 63816
98146 65816

श्री दीपक कुमार
**मेसर्स सीता सीमेंट स्टोर**
गॉव – दुनेरा,
ज़िला – पठानकोट
मोबाइल – 94171 30417

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com